>

Title: Need to provide good quality houses under Indira Awaas Yojana.

श्री वीरेन्द्र कश्यप : केंद्र सरकार द्वारा उन गरीब लोगों को एक मकान बना कर दिए जाने की योजना काफी समय से दी जा रही है जो कि गरीबी रेखा से नीचे हैं। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति व एक्स सर्विसमैन की विधवाओं को विशेष कर इसके अंतर्गत लाया गया है। योजना का नाम इंदिरा आवास योजना है। यह 1996 से चल रही है। ग्रामीण क्षेत्र में बसने वालों के लिए यह योजना सरकार की सहायता से चलाई जा रही है, नार्थ ईस्ट राज्यों को 90:10 व अन्य राज्यों को 75:25 के अनुपात से। केन्द्रीय सरकार और राज्य सरकारों की सहायता से अब 70 हजार रुपए मैदानी क्षेत्र में, व 75 हजार पहाड़ी राज्यों के लिए आबंटित किये जा रहे हैं, क्योंकि महंगाई दिनों दिन बढ़ती जा रही है और एक छोटा-सा कमरा जो पक्का हो, इस वित्तीय सहायता से बनाना कठिन है। 1996 जब से यह योजना बनाई गई है, इसका आकलन किया जाए तो पता चलेगा कि उनमें से अधिकांश मकान टूट चुके हैं।

इसलिए मेरा सरकार से आग्रह है कि इस स्कीम के अंतर्गत जो भी मकान बनाए जाएं या तो उन्हें सरकार के द्वारा ही बनाया जाए या फिर उसकी राशि को दोगुना किया जाए ताकि वह मकान पक्का व टिकाऊ बन सके। इसमें पहाड़ी राज्यों व हार्ड एरियाज में बनने वाले मकानों को 25 परसेंट अतिरिक्त राशि का प्रावधान करे और सभी मकानों में बिजली, पानी, शौच आदि की सुविधा उपलब्ध सरकार सुनिश्चित करे। यह मेरी मांग है। आपने बोलने का अवसर दिया इसके लिए आपको धन्यवाद।